दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 330 मुरादाबाद, 01 April 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## हमराज मार्केट अग्निकांड! Depty CM बोले- अग्निकांड का राजनीतिकरण न करें, क्षति होगा विचार



कानपुर के बांसमंडी स्थित हमराज मार्केट के बगल में एआर टॉवर में गुरुवार देर रात आग लग गई। धूआं और लपटें उठती देख राहगीरों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं।कानपुर में बांसमंडी, हमराज मार्केट के बगल में एआर टॉवर में भीषण आग लग गई। देर रात हुए हादसे में आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। लगभग छह घंटे से टॉवर जल रहा है। इस हादसे में पांच कॉम्प्लेक्स आग से तबाह हो गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक 10 अरब से ज्यादा की क्षति हुई है। बता दें कि ये यूपी का सबसे बड़ा रेडीमेड होलसेल बाजार है। दमकल कर्मियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास अभी भी जारी हैं। मौके पर कानपुर कमिश्नर मौजूद हैं। अगल-बगल के जनपदों से भी मदद ली जा रही है। पुलिस के अनुसार, हवा की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी, ऑर्डिनेंस की गाड़ियां भी मौके पर आ चुकी हैं। जल्द ही आग पर काबू पाने की संभावना है।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान

एआर टॉवर में दो दर्जन से अधिक रेडीमेड कपड़ों की होलसेल दुकानें हैं। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी जो धीरे-धीरे भड़कते हुए पूरी बिल्डिंग में फैल गई। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।

### कई जनपदों से बुलाई गई फायर ब्रिगेड

कानपुर, उन्नाव और लखनऊ समेत कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। डीएम और पुलिस कमिश्नर ने सेना के अफसरों से संपर्क किया है। मौके पर आग बुझाने के लिए सेना की गाड़ियां भी पहुंच गई हैं।मौके पर मौजूद हैं आलाअधिकारी कानपुर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी और डीएम मौके पर मौजूद हैं। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी आदि के अधिकारी और गाड़ियां भी मौके पर पहुंच चुकी हैं।हाइड्रोलिक फायर बिग्रेड से चल रहा रेस्क्यू बांसमंडी इलाके में लगी आग की सूचना पर डिप्टी डायरेक्टर फायर अजय कुमार गुप्ता, लखनऊ भी मौके पर पहुंच गए हैं। उनके साथ हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड आई है। बता दें कि हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी कानपुर में तीन साल से खराब पड़ी है। इससे पहले भी एक गाड़ी आई थी, वो भी खड़े-खड़े बेकार हो गई।सर्च

### ऑपरेशन के लिए पहुंची फायर विकेट

बताया जा रहा है कि पान मसाला दुकानदार ज्ञान चंद उर्फ छोटू साहू एआर टॉवर के अंदर सो रहा था। आग लगने के बाद से वो लापता है, जिससे परिजन परेशान हो रहे हैं। वहीं, सर्च ऑपरेशन के लिए फायर विकेट की टीम भी पहुंच गई है।

### सपा अध्यक्ष बोले- भाजपा सरकार व्यापारियों का दे मुआवजा

अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कानपुर आग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि कपड़ा मंडी में लगी आग पहले से ही नोटबंदी, जीएसआई के छापों और मंदी की मार झेल रहे व्यापारियोंके लिए आर्थिक व मानसिक रूप से एक और गहरी मार है। उप्र भाजपा सरकारव्यापारियों को हुई हानि का तत्काल आकलन कर सच्चे मुआवजे की तुरंत घोषणा करे। साथ ही दमकल की क्षमता का भी आकलन होना चाहिए।

### आग पर पाया गया काबू

जिलाधिकारी कानपुर विशाख जी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए हमारी योजना सफल रही है। उन्होंने बताया कि रेडीमेड कपड़ा बाजार में आग लगने की विस्तृत जांच की जाएगी। साथ ही, नुकसान का आकलन भी कराया जाएगा।

### अग्निकांड का राजनीतिकरण न करें: उप मुख्यमंत्री

अनवरगंज में एआर टावर समेत पांच इमारतों में आग लगने की घटना का निरीक्षण करने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कानपुर पहुंचे। उनका ये औचक दौरा रहा। मुख्यमंत्री ने पांचों टावर का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा ये दुखद घटना है और इसका राजनीतिकरण करना ठीक नहीं।

### व्यापारियों की क्षति पर होगा विचार

उप मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार व्यापारियों के साथ है। हम इस पर आंकलन करेंगे कि उनकी कितनी क्षति हुई है। उसके बाद सरकार विचार करेगी

कि इसमें व्यापारियों की कैसे मदद की जा सकती है। उन्होंने कहां की प्रशासन से वास्तविक क्षति को लेकर जांच कराई जाएगी और उसे कागजों में अंकित कर सरकार के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं

## 25 हजार का जुर्माना लगने पर बोले केजरीवाल- PM कितना पढ़े हैं? देश को ये जानने का है अधिकार



नई दिल्ली- डिजिटल डेस्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री मांगने पर गुजरात हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने मुख्य सूचना आयोग (CEC) के आदेश को भी रद्द कर दिया है, जिसमें यूनिवर्सिटी और पीएमओ से डिग्री प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके कितना पढ़े हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का ज़बरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुर्माना लगा दिया जाएगा? ये क्या हो रहा है अनपढ़ या कम पढ़े लिखे PM देश के लिए बेहद खतरनाक हैं।

### सीईसी के आदेश को किया रद्द

बता दें कि मुख्य सूचना आयोग (CEC) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पीएमओ के जन सूचना अधिकारी (PIO) और गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के पीआईओ को प्रधानमंत्री मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री दिखाने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने याचिका दाखिल कर डिग्री दिखाने की मांग की थी।

### डिग्री दिखाने की जरूरत नहीं

जिस पर 31 मार्च को गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

### कई बार उठा चुके हैं डिग्री वाला मुद्दा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कई बार पीएम मोदी की डिग्री का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने कई बार उनकी डिग्री को सार्वजनिक रूप से दिखाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में विधानसभा में पूछा था कि देश के प्रधानमंत्री कितना पढ़े हैं।

## हड़ताल से नुकसान की भरपाई का आदेश: बिजली निगम के 2300 अभियंताओं, अन्य कर्मियों का रुकेगा वेतन



16 से 19 मार्च तक की इस हड़ताल के दौरान गोरखपुर जोन के ग्रामीण परिक्षेत्र के 250 फीडर से जुड़े गांवों व कस्बों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व पावर कारपोरेशन चेयरमैन एम देवराज के साथ बातचीत के बाद बिजली कर्मचारी नेताओं ने पूर्व घोषित 72 घंटे की हड़ताल के एक दिन पहले ही हड़ताल खत्म कर दी।बिजली कर्मियों की हड़ताल से हुए नुकसान की वसूली अभियंताओं से करने का निर्देश दिया गया है। इसके अनुपालन में जोन के 2,300 अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों व संविदा कार्मिकों के मार्च का वेतन रोक दिया जाएगा। इस सूचना पर सभी संवर्ग के कार्मिकों में हड़कंप मचा है। बुधवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में इसकी सूची तैयार कर पावर कारपोरेशन के एमडी को भेज दी गई। इस सूची में उन अभियंताओं व कर्मचारियों के नाम हैं, जिन्होंने कार्य का बहिष्कार कर सीई दफ्तर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया था। 16 से 19 मार्च तक की इस हड़ताल के दौरान गोरखपुर जोन के ग्रामीण परिक्षेत्र के 250 फीडर से जुड़े गांवों व कस्बों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व पावर कारपोरेशन चेयरमैन एम देवराज के साथ बातचीत के बाद बिजली कर्मचारी नेताओं ने पूर्व घोषित 72 घंटे की हड़ताल के एक दिन पहले ही हड़ताल खत्म कर दी। हड़ताल के दौरान भी गैरहाजिर कार्मिकों की सूचना भेजी गई थी। उस समय सिर्फ संख्या भेजी गई। अब कारपोरेशन ने कार्मिकों के नाम व सैप आईडी भी मांगी है। ताकि ईआरपी पोर्टल पर गैरहाजिरी का उल्लेख करते हुए वेतन की कटौती की जाए। ये है हड़ताली कार्मिकों की संख्या - संवर्ग संख्या अभियंता 250 तकनीकी संवर्ग 600 संविदा कार्मिक 1500 मुख्य अभियंता आशु कालिया ने कहा कि प्रबंधन की तरफ से जो सूचना मांगी गई थी, उसे भेजी गई है। इसमें कर्मचारियों के नाम पदनाम, सैप आईडी व अन्य विवरण का उल्लेख है। पहले चरण में नियमित कार्मिकों के मार्च के वेतन से कटौती होगी।

## जेल में अतीक की बदली पहचान: अब कैदियों की ड्रेस में नजर आएगा माफिया, कैदी नंबर 17052 बना डॉन, करना होगा काम



प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरणकांड में अतीक अहमद समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश के बाद अतीक अहमद को पुलिस टीम ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे साबरमती जेल में दाखिल करा दिया। उमेश पाल अपहरण कांड में माफिया अतीक अहमद को सजा मिल चुकी है। इतने वर्षों तक खौफ पैदा कर राज करने वाले डॉन अतीक की उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है। सजायाफ्ता कैदी के रूप में शुक्रवार को जेल प्रशासन ने अतीक का नंबर एलॉट कर दिया। साबरमती जेल में अतीक को अब इसी नाम से पुकारा जाएगा। इसी के साथ माफिया को कैदी नंबर वाला कपड़ा भी दिया जाएगा और उसे पहनना होगा, जिनसे वह काफी दिनों से बचता आ रहा था। उसके सामने जेल मैनुअल के हिसाब से विभिन्न कार्यों की सूची सौंपी गई है। जो भी काम अतीक चुनेगा, उसे करना पड़ेगा। प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरणकांड में अतीक अहमद समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश के बाद अतीक अहमद को पुलिस टीम ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे साबरमती जेल में दाखिल करा दिया। इसके साथ ही पुलिस ने जेल प्रशासन को अतीक के आजीवन कारावास संबंधी प्रपत्र सौंपे। रात में अतीक को उसकी पुरानी बैरक में भेजा गया था। बृहस्पतिवार को साबरमती जेल अधिकारियों ने अतीक अहमद को सजायाफ्ता कैदी के रूप में बैरक आवंटित की। इसके साथ ही उसे 17052 का बिल्ला दिया गया। यानी अब वह कैदी नंबर 17052 के रूप में जाना जाएगा। अतीक को बता दिया गया कि जेल मैनुअल के हिसाब से उसे काम भी करना होगा। उसे विभिन्न कार्यों की लिस्ट सौंपी गई है। उससे कहा गया कि जो भी काम उसे आता है, वह बताए। उसी के हिसाब से उसे काम दिया जाएगा। अतीक की उम्र 60 साल से अधिक है। उसे बीमारियां भी हैं और वह पूर्व सांसद भी है। जेल सूत्रों के मुताबिक काम देते वक्त उसकी स्थितियों का ध्यान रखा जाएगा। वहीं, अतीक अहमद को कैदियों वाली ड्रेस भी दी जाएगी। बृहस्पतिवार को ड्रेस के लिए उसकी नाप भी ली गई। जेल में हर समय वह कैदियों वाली ड्रेस में ही रहेगा। अतीक से मिलने जेल में कोई नहीं आया। सजायाफ्ता कैदी की लिखापढ़ी के दौरान जेल अधिकारियों ने उसे बुलाया था। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह अपने बैरक में चला गया।

### लंबे सफर से अतीक के शरीर में रहा दर्द

प्रयागराज। साबरमती जेल सूत्रों के मुताबिक अतीक बृहस्पतिवार को दिन में ज्यादातर समय आराम करता रहा।

उसने जेल अधिकारियों को तबीयत खराब होने की बात बताई थी। उसका कहना था कि लगातार इतनी लंबी यात्रा के बाद उसके शरीर में काफी दर्द है। उसे हाइपरटेंशन, बीपी और शुगर के साथ कमर दर्द की शिकायत भी रहती है। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे कुछ दवाएं भी दी हैं।

## हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से पूछा, क्या सरकारी फंड से मदरसों में धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है...?



प्रयागराज- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि क्या सरकारी धन धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है? ऐसा करना क्या अनुच्छेद 14, 25, 26, 29 व 30 का उल्लंघन नहीं है? कोर्ट ने केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के सचिव व राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग से छह हफ्ते में जवाब मांगा है।यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने जौनपुर के मदरसा अध्यापक एजाज़ अहमद की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याची को नियुक्ति तिथि से वेतन भुगतान करने का भी निर्देश दिया है।मामले के अनुसार एजाज अहमद जौनपुर के सुदनीपुर इलाके में संचालित होने वाले मदरसा समदानियां इस्लामिया के शिक्षक है। वेतन से जुड़े विवाद को लेकर उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।इनका कहना है कि मदरसे को सरकारी फंड मिल रहा है फिर भी उसे वेतन नहीं दिया जा रहा है।

## संपादकीय Editorial

### Karnataka's 'quotaist' election

The date of election in Karnataka has been announced. Polling will be held in a single phase on May 10 and the mandate will be made public on May 13. The first litmus test is for the BJP as it is in power. Winning this election is essential for the party's expansion and electoral acceptance in South India. The direct contest is with the Congress, which would like to prove its relevance by winning this election and would like to strengthen its claim and mental preparation for 2024 by demolishing a stronghold of the BJP. Karnataka is the big state of 2023, where it has to get mandate for 224 assembly seats and prepare the ground for 28 Lok Sabha seats. The first attempt of BJP and Congress would be to get a clear mandate, but it is not that easy as JD-S is also in the fray. Former Prime Minister Deve Gowda is almost 90 years old, so he is calling this his last election. People's sensibilities are also attached to them. By the way, since 1985, there has been no return of the ruling party in Karnataka. After the failure in Himachal, the BJP is determined to 'change the custom' in Karnataka as well. Since there is no wave-like situation against the current Bommai government, caste reservation is an issue in the BJP's strategy through which polarization can be created. The current BJP government has increased the reservation for Dalits from 15% to 17% and the quota for Scheduled Tribes from 5% to 7%. Last Friday, the quota for Muslims was reduced by 4 percent. This quota is divided among the powerful and economically prosperous ethnic groups of Karnataka—the Lingayats and the Vokkalingas. These groups already have fixed quota under OBC reservation. BJP Parliamentary Board member and former chief minister Yediyurappa is a stalwart, acknowledged leader of the Lingayats. Certainly, these decisions of the government will disturb the caste balance of Karnataka, hence dissatisfaction and protests have also started. Stones have even been pelted at the Chief Minister's residence. However, Muslims will continue to get quota under economic reservation in EWS category. In Karnataka, Lingayats constitute 17 per cent and Vokkalingas constitute 15 per cent. OBCs are around 35 per cent. The BJP's strategy is to garner maximum votes from these caste groups. Through them, she is working on the maths of winning more or less 125 seats. However, its election target is to win more than 150 seats. Corruption, development, religious conversion, polarisation, inflation, nationalism, democracy, unemployment, etc. will also be relevant election issues, but caste reservation is the most sensitive issue, as it is related to the interests of the common man and multidimensional future. When the BJP formed its government in 2019 by breaking the Congress-JD(S) coalition government, changing the MLAs, it kept the issue of caste reservation boiling along with communalism. Hijab, conversion and Tipu Sultan's legacy Through this polarization was also kept alive. Thus, the BJP wanted to keep the Hindu vote bank united and divide the votes of various caste groups. At least she was successful in that. In the 1970s, Congress leader Devaraj Urs succeeded in mobilizing OBCs, Dalits, tribes and minorities, thereby neutralizing the political dominance of Lingayats and Vokkalingas. Ars' formula got beaten up in the 1980s, after the rise of the Janata Party. After that Lingayats have been basically supporting BJP and Vokkalingas have been supporting JD-S. some Dalits and most of the minorities. The BJP now wants to present a 'saffron version' of Ars' formula by pitting castes against each other through caste reservation. Elections will decide to what extent the politics of BJP and other parties gives benefits. The party that wins this election will have a psychological edge for the next year's Lok Sabha elections. Tough competition can be seen.

# Morena Beyond The Rugged: A Tour Of Morena, Where There Are 27 Philosophical Sites

Some say that Lord Krishna used to go this far while grazing his cows and used to turn from here and go to Gokul. The place from where he used to turn later, that place was named Morena. One such place in Madhya Pradesh which is mostly known for Chambal's ravines. There used to be rebels in these ravines. Don't be surprised if I tell you that this time I want to take you to Morena. There is no need to be afraid. Believe me I will show you something new and unique. The story of ravines of Chambal is only 3 to four decades old, but the history of this place is centuries old. Would you believe that there are not one or two but 27 philosophical sites in Morena? The history of this place goes from Satyug, Dwapar to prehistoric times. Very few people know about these places. I didn't even know where Morena was until I explored it. For me too, Morena was just the territory of bandits. So come with me on this adventure filled journey. Morena is like the top of Madhya Pradesh, which shares its borders with Rajasthan and Uttar Pradesh. It also got its name for several reasons. This is the reason behind getting the name Morena - Some say that Lord Krishna used to go this far while grazing his cows and used to turn from here and go to Gokul. The place from where he used to turn was later named Morena. Some say that there used to be a very dense forest here. There used to be a large number of peacocks in that forest. This forest was called Mayuravan. Morena is the corrupted form of Mayuravan. From Jain temples to Shiva, Mata and Shani temples are present in Morena city which have great recognition. There is a unique Shiva temple here called Alopi Shankar Temple. In this temple, two Shivlings are present in a Jalari. You would not have seen such a temple anywhere else in India. There is an influx of devotees in this temple built on the hill during Shivratri. Here the mysterious temple of Ishwara Mahadev is situated in the forests of Pahargarh. Some invisible power worships this temple in the morning in Brahma Muhurta by offering belpatra, turmeric, rice. Centuries have passed but till today no one has been able to find out this mystery. There is a Shani temple here. The story of this temple is very interesting. It is said that the idol of Lord Shani in this temple is from the time of Lord Rama. At the time of Lanka Dahan, Hanuman ji had thrown Lord Shani here from Lanka. The forests of Chambal have hidden many wonderful gems within themselves. Here in the Pahargarh area, at the Chhaj Namak place, prehistoric wall paintings are found in the valley of the mountain. The time of these paintings is believed to be contemporary of Bhimbetka. These two forts are famous - Two forts in Morena district are also worth seeing. One Pahargarh and the other Sabalgarh. The fort of Pahargarh was built by Rao Dan Singh, the grandson of Rao Dalkudevji in 1446 AD. The fort of Sabalgarh was started by Sabla Gurjar in the 18th century. It was completed by Raja Gopal Singh. Apart from all this there is an 8th century Kakanmath in Morena. Seeing this amazing structure, anyone can press the finger under the teeth. The height of this monastery is about 100 feet. According to the people here, due to lightning, the outer parts of the peak of the monastery were damaged. Today the spire of the monastery stands without any cement. Its stones seem to be just placed one on top of the other. There is a Shivling inside this monastery, which people come to visit. It is a protected building. The broken parts of the monastery are kept in the courtyard of the monastery. The Shiva temple of Bateshwar is situated 28 km from Morena town. These wonderful structures were razed to the ground by an earthquake in the 14th century. The credit for restoring these temples goes to the Archaeological Survey of India. Those who put a lot of effort and joined the pieces of stones and re-erected these pagodas. Finest sculpture - Padavali village is located just 1 kilometer away from here. Garhi Padavali is present in this village. This temple was built by the Kachhapaghat kings in the tenth century. The architecture of this temple is unique. There are all such temples in India like, the temple of Osiya near Jodhpur, the temples of Khajuraho, the Sun Temple of Konark in Odisha. In all these, if the finest sculpture is seen anywhere, then it is in this small Shiva temple of Padavali. Mitawali is situated at a distance of 5 kilometers from Padawali. Chausath Yogini Temple is situated on the top of the mountain in this small village. This amazing structure is an inspiration to the architect who built our Parliament House. There are 64 temples inside this round structure, in which sixty-four yoginis once worshipped. Wild life in Morena- Wild life is also present in Morena district. The most unique sanctuary of the country is located here. This sanctuary is spread over a vast area of 5,400 sq km. A large part of National Chambal Gharial Wildlife Sanctuary is present in Morena district. The boundary of this unique sanctuary touches three states. It is a protected area in the country, created to protect the critically endangered gharial, red-necked tortoise and the endangered Gangetic dolphin.-The Sadaniri river Chambal of Madhya Pradesh makes this sanctuary favorable for animals. Chambal is the only river in the country in which soil erosion takes place and every year in monsoon the river flows several times higher than its average flow. As a result of which flood situations are created. When the water recedes, it also takes away the soil along with it, due to which big pits and drains are formed in the land.Aquatic animals and birds make their home in this area built near the river. Chambal river is the only river where crocodiles are found. That is why this area has been declared protected. Migratory birds also come here in large numbers. An eco center has also been built to preserve the crocodiles. In this center, breeding of gharials and maintenance of children are done till rehabilitation. In winter, tourists come from far and wide for bird watching. When you go to Morena, do not forget to taste the famous Gajak here, recently Gajak of Morena has got GI tag.

# Is there any place for an extremist like Amritpal in Punjab? Lessons need to be learned from the state's past

Amritpal escaped from the clutches of the police and is absconding till the time of writing these lines. But the question is whether he will prove to be another Bhindranwale? Or more importantly, is there any place for an extremist like him in Punjab? The Khalistan genie is out of the bottle once again. This time the matter seems to be a bit more complicated. The biggest reason for this is the government of a newbie party in a sensitive border state like Punjab. Many supporters of the ruling BJP are demanding central rule in Punjab to deal with terrorism. It is a matter of relief that the Punjab Police is running after Jarnail Singh Bhindranwale's political 'body double' Amritpal Singh and he is on the run. After all, who is this Amritpal Singh? According to a senior official of the Indian intelligence agency's Research and Analysis Wing, there is a possibility of an outsider being groomed to create trouble and trouble in Punjab just six months before Amritpal Singh arrives in India from Dubai in February 2022. Information was received about the same, which was shared with the Punjab government. But the state government did not want to offend a section of Sikhs who believed in Amrit Pal Singh's Amrit Sanchar Mission, so it did nothing special. Such cases are complicated anyway. There was no reference to the past during the action against Bhindranwale. But before taking any action now, one has to think about how the situation in the state went from bad to worse due to the intervention of the Center in 1984. Regarding Amritpal's mission, the said officer says that he has been planted by Pakistan's Inter-Services Intelligence (ISI) to rekindle the spark of separatism in Punjab. From Dubai he went to Georgia, where they trained him. His recent assertiveness stems from a perception that New Delhi is slow to act against him and unable to do anything. Two incidents that happened in the past gave strength to this belief of Amritpal. On February 23, he and his followers, brandishing swords and guns, attacked the Ajnala police station near Amritsar. They were demanding the release of one of their comrades arrested in a kidnapping case. Six policemen were injured in the attack, but the officers neither fired at nor arrested the attackers. Instead, they were assured that the kidnapper would be released. Later the police said that they could not stop the attackers because they were using a copy of the holy Guru Granth Sahib as a shield! Similarly, a few years ago, Sikh agitators clashed with the police in Chandigarh demanding the release of Khalistanis who were imprisoned for 20 years. The police retreated because they feared that the agitators would kill them if they did not run away. The attackers also snatched tear gas guns, firearms and other police equipment. The police got the FIR registered, but did not arrest anyone. but within a few months, the party's candidate was defeated by Simranjeet Singh Mann in the Sangrur Lok Sabha by-election. The party got the message that the coming success would not be so easy. Punjab experts also say that the state needs quick intervention in the wake of drug menace, unemployment, forced migration and agrarian distress. Perhaps this is the reason that when Amritpal talked about the problem of drug addiction, he understood it. The second complication is the structure of resistance, the idea of martyrdom embedded in Sikhism, which Amritpal tried to capitalize on. It is known that during the entire decade of 1980 and one year of the beginning of 1990, the Khalistanis had established an empire of terror on the whole of Punjab. Both the central government and martial law proved unsuccessful in curbing terrorism. Terrorism was finally crushed by two Sikhs only. These two were Sardar Beant Singh, the then Chief Minister of Punjab, and Kanwarpal Singh (KPS) Gill, the then Punjab Police Chief. The extra-judicial methods adopted by him could not have been adopted by the rulers of any other religion – especially the Hindus. According to one estimate, more than 20,000 people were killed in this battle. It is certain that Khalistani terrorism cannot be suppressed from outside. The matter is very clear. If the Bharatiya Janata Party-Bahisiyat Hindu Nationalist Party-takes any action by imposing central rule in Punjab, it will be fatal. This will further the narrative of suppression of Sikhs by Hindus. And yes, Pakistan Punjab

# 95.63 फीसदी अंक पाकर प्रज्ञा टॉपर, किया सम्मानित




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद, साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरित हुआ। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जिसे पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले उठें। कार्यक्रम का प्रारंभ समाजसेविका सपना अग्रवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी मेहनत और लगन से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके बार 95.63 फीसदी अंक प्राप्त कर इस बार टॉपर रही छठीं की प्रज्ञा गुप्ता को सम्मानित किया। वहीं विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक पाने वाली सातवीं की भावना पालीवाल, नौवीं की तनवी, ग्यारहवीं की विदुषी भटनागर को भी सम्मानित किया।

बेस्ट स्टूडेंट्स का अवार्ड कक्षा 10 की अनुष्का बंसल को मिला। खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल का नाम रोशन करने वाली कक्षा 12 की जानवी मदान (बैडमिंटन) व कक्षा आठवीं की आकांक्षा चौधरी (ताइक्कांडो) को ट्राफी दी गई। आलराउंडर छात्राओं में कक्षा नौ की सोनाक्षी माथुर, कनक सक्सेना, स्नेहा रूहेला, तीशा भोला को शील्ड दी गई साथ ही विषय टापर बेस्ट हाऊस अवार्ड, बेस्ट हाऊस कैप्टन, बेस्ट हाऊस वाइस कैप्टन और कैबिनेट मेम्बरर्स को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अर्चना साहू ने विद्यार्थियों से परिजनों का कहना मानने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रबंधक सुशील साहू, गौरांग साहू, शिक्षिका शैलजा रस्तोगी, निमित जायसवाल, सिम्मी कंसल प्रीति खन्ना, अंजना अग्रवाल, अनीता गुप्ता, श्वेता गुप्ता, मयूरी वाषर्णेय, नीतू सिंह, पूजा भटनागर, दिव्यांशी, मिनी बजाज, सुनीता सक्सेना, आलोक अग्रवाल, अनूप शर्मा, गोपाल मेहरोत्रा, प्रियंक अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय चंगेरी में परीक्षाफल घोषित, सफल बच्चों और अभिभावकों को किया सम्मानित- मुरादाबाद। प्राथमिक विद्यालय चंगेरी में शुक्रवार को परीक्षाफल की घोषणा की गई।

जो बच्चे कक्षा में बेहतर स्थान प्राप्त किए उनके अभिभावकों को भी बुलाया गया।

बच्चों के साथ उन्हें भी सम्मानित किया गया। बच्चों को पानी की बोतल और कॉपी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक खिलेंद्र ने बताया कि पिछले पांच वर्षो से लगातार चली आ रही परंपरा के अनुसार हर महीने के अंतिम दिवस में जो बच्चे उस महीने में जन्मे होते हैं उनका जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाकर उपहार दिए जाते हैं।

इस क्रम में आज सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा कक्षा पांच के बच्चों को आज अंतिम विदाई पार्टी में हलवा, पूरी स्कूल की तरफ से खिलाया गया। उन्होंने अभिभावकों से नए सत्र के लिए अधिक से अधिक प्रवेश प्राथमिक विद्यालय चंगेरी में ही कराने का अनुरोध किया।

# निकाय व लोकसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीतेगी पार्टी-महामंत्री वरूण गोयल




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नगर निकाय और आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश में प्रचंड बहुमत प्राप्त करेगा। मोर्चे के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल शुक्रवार को बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय में मोर्चे और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा मोर्चा महानगर कार्यकारिणी व मण्डल अध्यक्षों को पार्टी की ओर से मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए कहा। उन्होंने मंडलों में पार्टी के सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि मोर्चे की ओर से 400 यूथ 20 चौपाल आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 20 सम्मेलन में युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। यह कार्य अप्रैल में होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष धमेंद्र मिश्रा, भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय कालरा, क्षेत्रीय महामंत्री सचिन चौधरी ने भी संबोधित कर कार्यक्रम की सफलता से निकाय और लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत के लिए काम करने का आह्वान किया।

अध्यक्षता मोर्चे के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौबे ने करते हुए प्रस्तावना रखी। बैठक में महामंत्री अभिषेक राठौर, अमित गुड्डु सैनी, महानगर उपाध्यक्ष हेमंत चौधरी, गंगा पाल नीति व शोध प्रमुख आशुतोष सिंह, महानगर मंत्री अभिषेक ठाकुर, विजेंद्र ठाकुर, दीक्षांत चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता के अलावा महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव : महापौर पद अनारक्षित प्रस्तावित होने से दावेदार खुश



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को शासन ने नगर निगम के महापौर, नगर पालिका के चेयरमैन और नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद का प्रस्तावित आरक्षण जारी कर दिया। इस पर एक सप्ताह में छह अप्रैल की शाम छह बजे तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। इसके बाद अंतिम आरक्षण सूची जारी होगी। प्रस्तावित सूची में मुरादाबाद नगर निगम के महापौर का पद अनारक्षित होने से भाजपा में सर्वाधिक दावेदारी रहेगी। एक बार फिर निवर्तमान महापौर पर भाजपा दांव खेल सकती है या फिर किसी नये चेहरे को भी मौका दे सकती है। लेकिन अब चुनाव से पहले ही टिकट मिलना ही रोचक होगा। नगर विकास विभाग की ओर से 17 नगर निगमों के महापौर के लिए जो प्रस्तावित आरक्षण सूची जारी की गई है। इसमें मुरादाबाद अनारक्षित है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या और मथुरा वृंदावन को अनारक्षित रखा गया है। मुरादाबाद नगर निगम के महापौर की सीट एक बार फिर अनारक्षित होने से भाजपा में ही सर्वाधिक दावेदारी बढ़ेगी। हालांकि निवर्तमान महापौर विनोद अग्रवाल और उनके शुभचिंतक इसे अपनी जीत मान रहे हैं और इसका श्रेय भी खुद ले रहे हैं। लेकिन, असल स्थिति आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही पता चलेगा। वहीं भाजपा के अन्य चेहरे भी अपनी धार तेज कर चुनाव के लिए दावेदारी करने में लगेंगे। नगर निगम के चुनाव में सबसे पहले महापौर का चुनाव 1995 में सपा के हुमायूं कदीर ने जीत कर सिरमौर बनने का गौरव हासिल किया था। प्रस्तावित आरक्षण जारी होने पर निवर्तमान महापौर विनोद अग्रवाल का कहना है कि सीट अनारक्षित करने का प्रस्ताव सरकार ने किया है। जहां तक चुनाव लड़ने का सवाल है लंबे समय तक जनसेवा का अनुभव है। जनता की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से सेवा की है। टिकट देना, न देना पार्टी का निर्णय है। जो पार्टी का आदेश होगा वह शिरोधार्य होगा।

# मुरादाबाद और वाराणसी हस्तशिल्प के लिए निर्यात उत्कृष्टता शहर घोषित



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई विदेश व्यापार नीति 2023 की घोषणा की। इसमें उन्होंने कहा कि नई विदेश व्यापार नीति गतिशील, विश्व व्यापार संगठन के अनुकूल है। यह निरंतरता और स्थिरता लाएगी। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा ने कहा कि नई एफटीपी प्रगतिशील और भविष्योन्मुखी है। इसका उद्देश्य 2030 तक दो ट्रिलियन डालर के उत्पाद और सेवाओं का निर्यात हासिल करना है। उन्होंने मुरादाबाद और वाराणसी को निर्यात उत्कृष्टता के शहर (टीईई) घोषित करने का स्वागत किया। कहा कि आने वाले वर्षों में इन दो महत्वपूर्ण हस्तकला शहरों से निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि होगी। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने इसकी सराहना की। कहा कि भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच संकल्पित है। उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेश में भारत की छवि बनाने के लिए यह जिम्मेदार नोडल संस्थान है। यह रहेगी विशेषता हस्तशिल्प के लिए टाउन आफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस (टीईई) की सूची में प्रदेश के मुरादाबाद और वाराणसी को जोड़ा गया है। जो इन शहरों को सरकारी योजनाओं के तहत विपणन, क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के लिए वित्तीय प्रावधान के लिए योग्य बनाएगा। स्टेटस होल्डर निर्यात सीमा को युक्तिसंगत बनाया गया है। सभी विदेश व्यापार नीति एफटीपी लाभों को ई-कामर्स निर्यात तक बढ़ाया जाना है। कूरियर सेवाओं के माध्यम से निर्यात के लिए मूल्य सीमा पांच लाख से 10 लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है। छोटे ई-कामर्स निर्यातकों के लिए विशेष आउटरीच और प्रशिक्षण की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए एफटीपी का आनलाइन अनुमोदन और प्रचार योजना में समय सीमा में कमी लाई जाएगी। ईपीसीजी प्राधिकरण धारकों द्वारा निर्यात दायित्व में चूक के एकमुश्त समाधान के लिए विशेष माफी योजना शुरू की जा रही है।

# 11 निकायों में से पांच पर रहेगा पिछड़ावर्ग का कब्जा, एक सीट पिछड़ावर्ग महिला के लिए आरक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- जिले के सभी ग्यारह निकायों में से सर्वाधिक पांच निकायों की बागडोर पिछड़ा वर्ग के हाथ में रहेगी। इसमें एक सीट पिछड़ा वर्ग महिला के आरक्षण वाली भी शामिल हैवर्ष 2023 में होने वाले निकाय चुनाव में नई आरक्षण व्यवस्था के बाद पिछड़ा वर्ग को खासा फायदा होगा। जिले के सभी ग्यारह निकायों में से सर्वाधिक पांच निकायों की बागडोर पिछड़ा वर्ग के हाथ में रहेगी। इसमें एक सीट पिछड़ा वर्ग महिला के आरक्षण वाली भी शामिल है। जबकि इससे पूर्व वर्ष 2022 में शासन द्वारा जारी किए गए आरक्षण में 11 में से सिर्फ एक अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था। इसके अलावा इससे पहले जारी किए गए आरक्षण में दो सीटें जहां महिला के लिए आरक्षित थीं वहीं अब जारी संशोधित आरक्षण में एक सीट महिला, एक पिछड़ावर्ग महिला और एक अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई है। कुल मिलाकर बृहस्पतिवार जारी आरक्षण सूची से सबसे अधिक लाभ पिछड़ा वर्ग को पहुंचता दिखाई दे रहा है।

| निकाय | अब | 2022 | 2017 |
|---|---|---|---|
| नगर निगम मुरादाबाद | अनारक्षित | महिला | अनारक्षित |
| नगर पालिका बिलारी | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| नगर पालिका ठाकुरद्वारा | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| नगर पंचायत कांठ | पिछड़ा वर्ग | महिला | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| नगर पंचायत कुंदरकी | महिला | अनारक्षित | महिला |
| नगर पंचायत अगवानपुर | अनारक्षित | अनारक्षित | महिला |
| नगर पंचायत पाकबड़ा | पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | महिला |
| नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर | पिछड़ा वर्ग | महिला अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| नगर पंचायत ढकिया | अनारक्षित | अनारक्षित | महिला |
| नगर पंचायत उमरी कलां | अनारक्षित | अनारक्षित | महिला |
| नगर पंचायत महमूदपुर माफी | अनुसूचित जाति | महिला पिछड़ा वर्ग | (ग्राम पंचायत थी) |

# बारिश बनी आफत: अमरोहा में चार मकानों पर आकाशीय बिजली गिरने से फुंके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, महिला झुलसी



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद-अमरोहा के थाना सैदनगली क्षेत्र के ग्राम ईसापुर शर्की में गुरुवार रात करीब 8=30 बजे जोरदार गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चार घरों को नुकसान पहुंचा है। जिसमें एक महिला भी झुलस गई है। जिसको अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। आकाशीय बिजली गिरने से मोहित पुत्र नरपत की एलसीडी, इन्वर्टर, बैटरी, वायरिंग पूरी तरह से नष्ट हो गई। राम सिंह पुत्र प्रीतम के मकान की बाउंड्री गिर गई और दीवार में दरारें पढ़ गईं। नरेंद्र पुत्र राम सिंह के घर का लेंटर फट गया साथ ही बिजली की वायरिंग में आग लग गई। वहीं कुंदन पुत्र हरिलाल के मकान पर बिजली गिरने से पुत्रवधू ओमवती झुलस गई, जिसका उपचार चल रहा है।

घटना के समय वह घर में चाय बना रही थी। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है। आकाशीय बिजली गिरने से कहीं घर की एलसीडी, इन्वर्टर, बैटरी, वायरिंग पूरी तरह से नष्ट हो गई तो कहीं मकान की बाउंड्री गिर गई और दीवार में दरारें पढ़ गईं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# स्कूली बच्चों को बताई गई पुलिस विभाग में चयन होने की गुण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-दतिमा मोड़- पुलिस अधिकारियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आमजनता व स्कूली छात्रों तक अधिक से अधिक पहुंच बनाते हुए उन्हें जरूरी जानकारियों से अवगत कराने के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में विदाई समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को करंजी चौकी पुलिस के द्वारा पुलिस बनने के गुण व सामान्य कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस द्वारा प्रयोग किये जाने वाले हथियारों की जानकारी भी बच्चों को दी। इस दौरान सीएसपी जेपी भारतेंदु ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भविष्य को भी लेकर चिंतित रहना चाहिए। भविष्य को किसी एक क्षेत्र में नहीं अपितु जिस क्षेत्र में ज्यादा रुझान हो उस क्षेत्र पर ध्यान देना चाहिए। खेलकूद के माध्यम से बच्चों का चयन पुलिस विभाग में होता है जिसमें दौड़ प्रमुख है सामान्य ज्ञान व परीक्षा पास करना होता है। अगर आप अपने करियर में चुनौती लेना और समाज की सेवा करना चाहते हैं, तो पुलिस फोर्स आपके लिए सबसे अच्छा करियर ऑप्शन हो सकता है। पुलिस में सब इंस्पेक्टर से लेकर कांस्टेबल बनने के लिए उम्मीदवारों को कौन सी परीक्षा देनी होती है, इसके लिए किस तरह की एजुकेशन और शारीरिक दक्षता की आवश्यकता होती है, इसकी पूरी जानकारी हम इस लेख में दे रहे हैं, जो लगभग सभी राज्यों के पुलिस फोर्स में लागू होती हैं। पुलिस एसआई भर्ती पात्रता मानदंड में चार मुख्य कारक नागरिकता, आयु सीमा, मापदंड, शैक्षिक योग्यता और शारीरिक योग्यता शामिल है। बीईओ विनोद सिंह ने विदाई समारोह में छात्रों को अगली कक्षा में जाने पर उन्हें लगन से पढ़ाई करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्राचार्य सीमाचंल त्रिपाठी ने वर्षभर छात्र-छात्राओं के शिक्षा एवं स्किल एक्टिविटी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी, एएसआई गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक उमाशंकर कुशवाहा, सुनील भारती, राजकुमार सिंह, आरक्षक दीपक सिंह, सीपी पाल, सत्यनारायण सिंह, इमरान खान, जितेंद्र सिंह, राजू तिवारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




# राहुल गांधी बीजेपी नेताओं को रुलाएंगे':कांग्रेस विधायक पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू बोले- अंग्रेजों से ज्यादा भाजपा कर रही षड्यंत्र

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

